## सार-समाचार

### बीएड इंटर्नशिप में वेतन कटौती पर विरोध

**बालोतरा**, (निसं)।संगठन के बालोतरा जिलाध्यक्ष लाखसिंह डूंगरोत और जिला मंत्री अनिल सोनी ने बताया कि प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने वित्त शासन सचिव को पत्र भेजकर वेतन कटौती रोकने की मांग की है। डूंगरोत ने बताया कि पत्र में शिक्षा - निदेशालय बीकानेर के आदेश के आधार पर बीएड इंटर्नशिप अवधि में वेतन कटौती के निर्देश जारी हुए हैं, जिन्हें 15 मार्च 2025 से प्रभावी बताया गया है। संगठन का कहना है कि पत्राचार में इंटर्नशिप अवधि को कर्तव्य अवधि नहीं मानने का स्पष्ट उल्लेख नहीं है इसके बावजूद स्कूल स्तर पर प्रधानाचार्यों की ओर से पीएल, डब्ल्यू पीएल या वेतन में कटौती की गई। संगठन के अनुसार इंटर्नशिप अवधि में आने वाले अवकाशों की भी कटौती कर दी गई। इसके अतिरिक्त आरएसआर नियम 11० में अध्ययन अवकाश का प्रावधान किया गया है, जिसमें एचपीएल के आधार पर एक वर्ष तक अध्ययन अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है। इसके विपरीत वर्तमान प्रकरण में शिक्षकों का पूर्ण वेतन ही आहरित/काट लिया जाना अत्यंत कठोर एवं असंगत प्रतीत होता है। महासंघ ने कहा कि शिक्षक बीएड में प्रवेश से पहले शिक्षा निदेशालय बीकानेर से एनओसी लेते हैं, लेकिन एनओसी में वेतन कटौती का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। संगठन का दावा है कि संबंधित शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में शैक्षणिक और संस्थागत दायित्व निभा रहे हैं, फिर भी वेतन रोकना या काटना अनुचित है। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच, नियमों के अनुरूप कार्रवाई और रोका या काटा गया वेतन जल्द जारी करने की मांग की है।

### अनीता साबू को सभाध्यक्ष बनाया

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा पाली की महिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह श्रीमती चीमा बाई संचेती राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पैकेज कॉलोनी, पाली में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम सोनी व प्रदेश संयुक्त महिला मंत्री कृष्णा शर्मा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माला एवं उपरना पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। महिला कार्यकारिणी में अनीता साबू सभाध्यक्ष, संध्या ओझा उप सभाध्यक्ष, संध्या दवे जिलाध्यक्ष, मधु बाहेती एवं शोभा करमचंदानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मालती त्रिवेदी, कांता राजपुरोहित, राजकुमारी जैन एवं संतोष सोलंकी उपाध्यक्ष, सोना सिंधी एवं आराधना प्रजापत जिला मंत्री, मनीषा बोराणा एवं दीपिका सोनी जिला उपमंत्री, शोभा शर्मा संयुक्त मंत्री, नीतू डागा कोषाध्यक्ष, पुष्पलता सोनी शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि, सुशीला को संगठन मंत्री, मीनाक्षी दवे को प्रचार मंत्री तथा सीमा शर्मा को कार्यालय मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यक्रम में प्रदेश संयुक्त मंत्री जब्बर सिंह राठौड़, जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय शर्मा,उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, जिला मंत्री रतन बारूपाल, पाली ब्लॉक अध्यक्ष यजुवेंद्र खेमलानी, पाली ब्लॉक मंत्री जयपाल सिंह, ब्लॉक प्रवक्ता महेंद्र आसेरी, राजेश कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम हुए

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर रेल मंडल पर विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशन में शुक्रवार को मंडल के जोधपुर, मेड़ता रोड, डेमो शेड एवं बालोतरा स्टेशनों पर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों एवं उनके बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य आमजन एवं कर्मचारियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। बच्चों द्वारा पर्यावरण विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक एवं प्रेरणादायक चित्र प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही मंडल के विभिन्न प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पार्कों एवं सर्कुलेटिंग एरिया में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। रेलवे कॉलोनियों में स्थित पार्कों में हेल्थ अवेयरनेस कैंप आयोजित कर निवासियों को स्वच्छता, हरित वातावरण तथा ग्रीन एरिया के महत्व एवं उसके लाभों की जानकारी दी गई। स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया को अधिक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विभिन्न स्टेशनों पर वृक्षारोपण भी किया गया।

### जल स्त्रोतों व सार्वजनिक स्थलों पर सफाई

**जालोर**.(साबीर)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयोजित किये जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शुक्रवार को जोहड़ व प्राचीन तालाबों की साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य, जल स्रोतों की मैपिंग व साफ सफाई, सोखता गड्ढों की सफाई एवं गांवों के मुख्य मार्गों, चौराहों व सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई व राजीविका के ग्राम संगठन एवं सीएलएफ कार्यालयों में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत 30 मई को मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन के पूर्ण कार्यो का अवलोकन, लोकार्पण, स्वी.तियां जारी की जाएंगी। ओरण/चारागाहों का चिन्हीकरण, घास बुवाई की अग्रिम तैयारी, बीज बैंकों में गतिविधियों का क्रियान्वयन, हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधारोपण के लिए अग्रिम तैयारी, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के अन्तर्गत जल चौपाल, विभागीय योजनाओं के इन्द्राज से शेष रहे कार्यो का प्राथमिकता से जल संचय, जन भागीदारी को पोर्टल 2.0 पर इन्द्राज करना, देवस्थान मंदिरों एवं अन्य प्रमुख मंदिरों में विशेष आरती का आयोजन होगा।

### कारागृह व बाल गृहों का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव राकेश रामावत ने शुक्रवार को केन्द्रीय कारागृह, जोधपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारागृह के अधीक्षक प्रमोद सिंह शेखावत एवं अन्य कारागृह के कर्मचारीगण, एलएडीसी के अधिवक्तागण, पीएलवी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारागृह में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध करवाये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, उनके स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा सहित अन्य समस्त आधारभूत सुविधाओं की जांच पड़ताल की। इसी के साथ ही शुक्रवार को सचिव राकेश रामावत द्वारा राजकीय बालिका एवं शिशु गृह, जोधपुर तथा संपर्क बाल विकास केंद्र, जोधपुर का औचक मासिक निरीक्षण किया गया। गृह में आवासित बालक/बालिकाओं के भोजन, चिकित्सा, रहन-सहन, साफ-सफाई व अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच पड़ताल कर दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### कार पलटने से चालक की मौत, दो घायल

**जोधपुर**, (कासं)। फलोदी-नागौर राजमार्ग 19 पर शुक्रवार सुबह सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा गौरछीया बेरा आऊ के पास सुबह हुआ। रतनगढ़ से रामदेवरा जा रही कार मोड़ पर अचानक बेकाबू होकर दुर्घटनग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पलट गई। खुडेरा बड़ा, थाना रतनगढ़ जिला चूरू निवासी कार चालक रामरतन सिंह की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। उन्हें एंबुलेंस से उप जिला अस्पताल आऊ लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कार में सवार अन्य दो युवक पड़िहारा, थाना रतनगढ़ निवासी राकेश व आनंदसिंह घायल हो गए।

### हिन्दी पत्रकारिता पर विचार गोष्ठी आज

**जोधपुर**, (कासं)। हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक सफर पर जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) की जोधपुर इकाई 30 मई को विचार गोष्ठी का आयोजन करेगी। जार जोधपुर जिला इकाई के अध्यक्ष सैयद मुनव्वर अली ने बताया कि हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। जार के प्रदेश संगठन के निर्देश की अनुपालना में जार जोधपुर इकाई की ओर से 30 मई शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे से नेहरू पार्क स्थित डॉ मदन - सावित्री डागा साहित्य भवन में हिंदी पत्रकारिता में साहित्य का योगदान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी में राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त गीतकार दिनेश सिंदल एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेश व्यास सहित अन्य मीडियाकर्मी विचार व्यक्त करेंगे।

### मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण

**सायला**, (निसं)। सायला नगर पालिका क्षेत्र में भारत की जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण के मकान सुचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का उप जिला जनगणना अधिकारी किशनसिंह चम्पावत ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शहर में प्रगणकों से प्रथम चरण में चल रहे कार्य का निरीक्षण किया तथा प्रगणकों को निर्धारित अवधि में मकानों की गणना का कार्य गंभीरता से लेते हुए पूर्ण की बात कही। साथ ही प्रगति रिपोर्ट जांच कर आवश्यक निर्देश दिए। मकानों के सुचीकरण कार्य का वार्डो में निरीक्षण कर देखकर संतोष जताया। इस दौरान ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी हरिराम चौधरी, समन्वयक अरविंद कुमार जीनगर, प्रगणक कन्हैयालाल जीनगर, आशाराम आदि मौजूद थे।

# डॉ. खुशबू कुमावत ने स्वस्थ जीवनशैली का महत्व समझाया

■ जोधपुर के आयुर्वेद विश्वविद्यालय में सी सी बी पी -2026 के अंतर्गत व्याख्यान आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में कुलगुरु प्रा (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल के मार्गदर्शन में सेंटर फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट की ओर से आयोजित कंटीन्यूअस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को पीजीआईए सेमिनार हॉल में विशेष व्याख्यान एवं संहिता पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री तथा बैगलुरु के संघ प्रचारक लक्ष्मण ने अपने व्याख्यान के द्वारा आयुर्वेद विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों को शिक्षा एवं चिकित्सा मे अपने उत्तरदायित्वों को निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही देश की संस्कृति एवं संस्कारो पर व्याख्यान दिया। साथ ही स्नातकोत्तर स्वस्थवृत्त विभाग से डॉ. खुशबू कुमावत ने हैल्थी फ़ूड विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली, भोजन संबंधी भ्रम एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में स्नातकोत्तर मौलिक सिद्धांत विभाग द्वारासंहिता पाठ का अभ्यास करवाया गया। साथ ही अध्येताओं ने सामूहिक संहिता पाठ का अभ्यास किया।

इस अवसर पर कुलगुरु ने कहा कि इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ भारतीय परंपरा एवं आयुर्वेदिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान प्रान्त के रिछपाल राठौड,प्राचार्य पीजीआईए प्रो.चंदन सिंह, संजीवनी आयुर्वेद चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. ए नीलिमा रेड्डी,प्रोफेसर गोविन्द गुप्ता,उपअधीक्षक डॉ ब्रह्मानंद शर्मा,मीडिया प्रभारी डॉ दिनेश चंद्र शर्मा,डॉ भानुप्रिया चौधरी,डॉ गजेंद्र दुबे,डॉ सौरभ अठावाल,मौलिक सिद्धांत विभाग से असि.प्रो.डॉ रामेश्वर डूडी,डॉ संकल्प शर्मा,डॉ सतीश ठाकुर एवं अन्य आयुर्वेद संकाय सदस्य,एवं स्नातकोत्तर छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# युवाओं को दिया सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रशिक्षण

**जालोर**, (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत केंद्र, जालोर एवं जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में माह मई में आयोजित पांच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की बारीकियों, पारदर्शिता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन से रूबरू कराना था।

जिला रसद अधिकारी नमिता नारवाल ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान जिले के 18 से 29 वर्ष के युवाओं ने पी.डी.एस. की कार्यप्रणाली को जमीनी स्तर पर समझा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने राशन की दुकानों पर जाकर पॉइंट ऑफ सेल मशीन के माध्यम से लाभार्थी प्रमाणीकरण और पारदर्शी वितरण प्रक्रिया को देखा। प्रतिभागियों को भारतीय खाद्य निगम के गोदामों का भ्रमण कराया गया। जहाँ उन्होंने स्टॉक प्रबंधन और सुरक्षा मानकों की जानकारी ली।

प्रशिक्षण में माय भारत स्वयं सेवकों ने विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा अधिनियम, गिव अप अभियान एवं डिजिटल सेवाओं के प्रति जागरूक भी किया।युवाओं को रसद प्रणाली में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अंतिम दिन समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें युवाओं ने अपने पांच दिनों के अनुभव साझा किए।

माय भारत विभाग के जिला युवा अधिकारी हितेश कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं में नागरिक कर्तव्य की भावना और सरकारी प्रणालियों के प्रति समझ विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल के डिजिटल प्रमाण पत्र भी वितरित किए जायंगे। कार्यक्रम में जिले से माय भारत के युवा स्वयंसेवक हिमांशु राव, कैलाश कुमार, केवाराम देवासी, नरेश कुमार एवं पुनीत सुन्देशा ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया।

## साइकिल रैली कल निकलेगी

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 25 मई से 5 जून 2026 तक संचालित किए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत 31 मइ को जिला मुख्यालय पर "वंदे गंगा साइकिल रैली" का आयोजन किया जाएगा।

जिला खेल अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि इस रैली का आयोजन पर्यावरण संरक्षण, जल संग्रहण एवं जन-जागरूकता के सन्देश को आमजन में प्रसारित करने हेतु किया जा रहा है। उन्होने बताया कि रैली 31 मई, रविवार को सुबह 7 बजे जालोर नगर स्थित नगर परिषद परिसर से प्रारंभ होकर, कलेक्ट्रेट रोड, आहोर सर्किल से होते हुए गंतव्य स्थान शाह पूंजाजी गेनाजी खेल स्टेडियम तक जाएगी। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी-कार्मिक, खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## गौसंरक्षण पर चर्चा की

**जसवंतपुरा**, (निसं)। जागेश्वर महादेव गोशाला सेवा समिति गोलाना में गोशाला अध्यक्ष तपत गिरी महाराज के सानिध्य में हुई बैठक में गोशाला विकास, गौसंरक्षण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

पशुपालन विभाग से डॉ. रामाभाई, राजीव, गोपाल एवं रामकरण ने वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत गोशाला का निरीक्षण कर जल संरक्षण, पौधरोपण, गोवंश के टीकाकरण, स्वच्छता व्यवस्था, पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश दिए।

अधिकारियों ने गोशाला में गर्मी के मौसम को देखते हुए छायादार व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल एवं चारे की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।बैठक में गोशाला के पदाधिकारियों एवं गोभक्तों ने गौसेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

# भूकां भगतसिंह में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान चला

**बालोतरा**, (निसं)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत भूका भगतसिंह में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लेकर जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान एवं सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई तथा जल बचाने का संकल्प करवाया।

कार्यक्रम के दौरान गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों, मार्गों एवं जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों को पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं एवं युवाओं ने भी अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल बचाने का संदेश दिया।

सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी बन चुका है। यदि आज जल बचाने की दिशा में सामूहिक प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड सकता है। जिन्हें पुनर्जीवित करना आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जल का अनावश्यक दोहन रोकें, वर्षा जल संचयन अपनाएं तथा अपने गांव को स्वच्छ एवं जल समृद्ध बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ब?ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में सभी ने मिलकर गांव को स्वच्छ एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का संकल्प लिया।

# जालोर जिले में कांग्रेसजनों का प्रदर्शन

**जालोर**, (का.सं.)। जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जालोर के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई, नीट परीक्षा पेपर लीक, पेट्रोल-डीजल एवं घरेलू गैस की बढ़ती कीमतों, अघोषित बिजली कटौती, पेयजल संकट और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला भी फूंका गया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश मेवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग की। शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो, धर्मेंद्र प्रधान मुर्दाबाद जैसे नारों के साथ विरोध जताया। पूर्व जिलाध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली, अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष ज़ाकिर अली रंगरेज़ उम्मेदाबाद, नगर अध्यक्ष मुमताज अली, लक्ष्मण सांखला, बसंत सुथार, आमीन खान मोयला, पुनेखाजी मण्डल अध्यक्ष मांडवला, भरत मेघवाल मण्डल अध्यक्ष बाकरा, किशनाराम मण्डल अध्यक्ष जालोर ग्रामीण, जेताराम मण्डल अध्यक्ष बाकरा रोड, शीला चौधरी, देवाराम सांखला, अनिल पंडत, मदनलाल दहिया, करना राम तिर्खा, रतनलाल चुरा, करशन कुमार वनियाका, सोपाराम साफाडा, मंगलाराम पिजोपरा, पोकाराम मीणा, मंगलाराम मुड़ी, नेनाराम बिशनगढ़, रविन्द्र संत मांडवला, शान्ति लाल डकातरा, हिरालाल राजपुरोहित डकातरा, अजित भाई सांथु, जेनाराम सांथु, मोहन लाल सांथु सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं आहोर उपखंड मुख्यालय पर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी आहोर और भाद्राजून के संयुक्त तत्वावधान में सरोज चौधरी के नेतृत्व में पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल,पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष आहोर गजेन्द्र सिंह डोडीयाली, ब्लॉक अध्यक्ष भाद्राजून गलबाराम मीणा, नगर अध्यक्ष भंवरलाल छीपा,जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल प्रजापत, संगठन महासचिव विरेन्द्र जोशी,जिला महासचिव लक्ष्मी मीणा,बस्तीमल चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष आमसिंह परिहार,उप प्रधान अमृत प्रजापत, मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल चौधरी,उकाराम मेघवाल,मकराराम, प्रशासक वागाराम परमार, पुखराज मेघवाल, नारायण सिंह, भरतसिंह राजपुरोहित,दलाराम चौधरी, राजाराम चौधरी, बालूसिंह राजपुरोहित, विक्रमसिंह,शंकर चौधरी, भैरू सिंह ,खेतसिंह राजपुरोहित, गिरधारी सिंह, विरमसिंह,जबराराम मीणा, मानाराम, शेषाराम,रवि गर्ग, शैतान सिंह, सोहन सिंह, कन्हैयालाल माली, वेलाराम चौधरी,कानाराम सिंघल सहित कई जने उपस्थित रहे।

**सायला संवाददाता के अनुसार :** ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चंपावत के अनुसार ज्ञापन में राजाराम नगर गोलियां में संचालित पूर्व राजकीय विद्यालय को पुन: शुरू करने की मांग भी की गई। नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रकाश मेघवाल, कांग्रेसजिला सचिव दीपाराम मेघवाल, संगठन महामंत्री इंद्रसिंह दहिया, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष हेमाराम देवासी, अल्पसंख्यक ब्लॉक अध्यक्ष सद्दाम खान, महिला ब्लॉक अध्यक्ष चंपा मेघवाल सहित कई जने मौजूद रहे।

# सिणधरी में बिजली शिकायतों का निवारण करने के निर्देश

**बालोतरा**, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने शुक्रवार को सिणधरी क्षेत्र के दौरे के दौरान विद्युत विभाग कार्यालय एवं पंचायत समिति कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति, आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा लंबित कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विद्युत विभाग कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण, ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया तथा गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों एवं आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। फॉल्ट एवं ट्रिपिंग की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समय पर सुधार कार्य किए जाएं। साथ ही जर्जर विद्युत लाइनों एवं उपकरणों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। पंचायत समिति कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागीय शाखाओं का अवलोकन कर रिकॉर्ड संधारण, जनसुनवाई, विकास योजनाओं एवं ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, जल संरक्षण गतिविधियों एवं पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। चौहान ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन से जु? कार्यों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाए।इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रतनपुरा सरपंच (प्रशासक) के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज का मामल दर्ज

**जालोर**, (कांस )। जालोर जिले के बागोड़ा पुलिस थाने में रतनपुरा के सरपंच त्रिकमाराम के खिलाफ अपहरण की कोशिश, मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला दर्ज कराया है।

पीड़ित मोरसीम निवासी नाराणाराम भील ने बताया कि रतनपुरा गांव में ज़मीन ख़रीदने से नाराज़ सरपंच ने उनके साथ मारपीट और गाली गलोज की। इसको लेकर उसने पुलिस को रिपोर्ट दी, लेकिन पुलिस ने 10 दिनों तक मामला दर्ज नहीं किया। उसके बाद को गुहार लगाने के बाद मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने बताया कि सरपंच ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।

उसने पीड़ित को कहा कि "तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई बिना पूछे मेरे गांव में जमीन लेने की" और उसे जबरन अपनी गाड़ी में खींच लिया। पीड़ित के शोर मचाने पर रामाराम पुरोहित और वहां से गुजर रहे लोगों ने साहस दिखाते हुए गाड़ी को रोक लिया और पीड़ित को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद आरोपी त्रिकमाराम ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी, जिससे उसका परिवार दहशत में है।

## पांच दोस्त हादसे का शिकार, दो की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। जसोल माता के दर्शन कर लौट रहे जोधपुर के पांच युवाओं का आरोप है कि 24 मई को बालोतरा जिले के कल्याणपुर के पास पुलिस की गाड़ी ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी थी। इससे युवक घायल हो गए, इनमें से घायल दो युवक वैभव भाटी व विजय सिंह चारण की गुरुवार रात को उपचार के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार सुबह बड़ी संख्या में लोग एमडीएम अस्पताल में जमा हो गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

घटना की जांच कर रहे बालोतरा जिले के मंडली थानाधिकारी किरण कुमार भी एमडीएम अस्पताल पहुंचे, लेकिन वे इस मामले को लेकर सवालों से बचते नजर आए। उन्होंने बताया कि परिजन का आरोप है कि पुलिस वाहन ने टक्कर मारी है, इसकी जांच कर रहे हैं। परिजन पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। देर शाम तक पोस्टमार्टम नहीं हुआ था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की गाड़ी ने युवकों की गाड़ी को जानबूझ कर टक्कर मारी थी। परिजनों की मांग है कि आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

एक परिजन ने बताया कि वैभव और विजय अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ जसोल माता के दर्शन करने गए थे। उनके पास गुजरात नंबर की थार गाड़ी थी। वापस आते समय उनके सामने से पुलिस की गाड़ी आ रही थी, जिसकी गति तेज थी।


**अज अदालत : सहायक कलेक्टर महोदय, जालोर (राजस्थान)**
**नोटिस तारीख पेशी**
**राजस्व वाद-पत्र संख्या- 202605124200022**
**तारीख पेशी :-02/06/2026**

**वादीगण :** (1)-जीवाराम पुत्र नारायण, (2) - चमनाराम पुत्र नारायण, (3)-भोमाराम पुत्र नारायण, तमाम जातियान माली, निवासीगण पानिया नाडा, सिरे मन्दिर रोड जालोर, तहसील व जिला जालोर।

बनाम

**प्रतिवादीगण:** (1) नरसींगमल पुत्र रामलाल, (2) चम्पालाल पुत्र रामलाल, (3) मोना पुत्री रामलाल, (4) पप्पी पुत्री रामलाल, (5) मुला पुत्र गिरधारी, (6) पुरा पुत्र गिरधारी, (7) नाथू पुत्र गिरधारी, (8) मिश्रीमल पुत्र गिरधारी, (9) सकीया पुत्र गिरधारी, (10) करना पुत्र नेथी, (11) बिजु देवी पत्नि नेथी, तमाम जातियान माली, निवासीगण सिरे मन्दिर रोड जालोर, तहसील व जिला जालोर (12) भूमिधारी तहसीलदार जालोर, तहसील व जिला जालोर (13) उपपंजीयक महोदय, जालोर, तहसील व जिला जालोर (14) राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक, शाखा जालोर (15) दी सैन्ट्रल कॉ-ऑपरेटिव बैंक लि. शाखा जालोर। फार्मल पक्षकार :- (16) वनाराम पुत्र नारायण, (17) हंजा देवी पुत्री नारायण पत्नी लक्ष्मणराम, निवासी सिरे मन्दिर रोड, पानीया नाडा हाल-गोडीजी जालोर, तहसील व जिला जालोर।

वादीगण-जीवाराम वगैरा ने प्रतिवादीगण-नरसींमल वगैरा के वगैरा के विरूद्ध दावा बाबत् घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का पेश किया है। अत : प्रतिवादीगण को जरिये इस नोटिस से सूचित किया जाता है कि वादीगण के उपरोक्त वाद पत्र का जवाब एवं पैरवी हेतु इस न्यायालय में आगामी तारीख पेशी 02/06/26 को उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं रहने पर आपके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाकर नियमानुसार वाद-पत्र का निस्तारण किया जायेगा। अत: इस नोटिस से सूचित रहे। यह नोटिस अखबार में छायाप्रति किये जाने हेतु इस न्यायालय से दिनांक 27.05.26 को जारी किया गया है।

मोहर अदालत — आदेशानुसार वरिष्ठ रीडर, सहायक कलेक्टर, जालोर

**अज अदालत : सहायक कलेक्टर महोदय, जालोर (राजस्थान)**
**नोटिस तारीख पेशी**
**राजस्व वाद-पत्र संख्या- 202602124200017**
**तारीख पेशी :-02/06/2026**

**वादीया:** संगीता पुत्री तलसाराम, उम्र 35 वर्ष, जाति मीणा, निवासी लाल पोल, मीणो का वास जालोर, तहसील व जिला जालोर।

बनाम

**प्रतिवादीगण:** (2) गणेश पुत्र चमनाराम, (3) भगवानाराम पुत्र चमनाराम, (4) दिनेश पुत्र प्रभुराम, जातियान मीणा, निवासीगण सिरे मन्दिर रोड, पानिया नाडा, जालोर, तहसील व जिला जालोर, (5) मोहनलाल पुत्र ओखाराम, (6) प्रवीण कुमार पुत्र नेनाराम, (7) कमलेश कुमार पुत्र मिश्रीमल, (8) विकेश कुमार पुत्र मिश्रीमल, (9) गणेशाराम पुत्र वेलाराम, (10) दलाराम पुत्र वेलाराम, (11) नरसाराम पुत्र ओखाराम, (12) मुकेश सोलंकी पुत्र वेलाराम, (13) रमेश कुमार पुत्र वेलाराम, (14) श्यामलाल पुत्र ओखाराम, तमाम जातियान माली, निवासीगण जालोर, तहसील व जिला जालोर, (15) भूमिधारी तहसीलदार जालोर, तहसील व जिला जालोर, (16) उपपंजीयक महोदय, जालोर, तहसील व जिला जालोर, (17) अनिल कुमार पुत्र चमनाराम, जाति मीणा, निवासी-सिरे मन्दिर रोड, पानिया नाडा, जालोर, तहसील व जिला जालोर

वादीया-संगीता ने प्रतिवादीगण-गणेश वगैरा के वगैरा के विरूद्ध दावा बाबत् घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का पेश किया है। अत : प्रतिवादीगण को जरिये इस नोटिस से सूचित किया जाता है कि वादीया के उपरोक्त वाद पत्र का जवाब एवं पैरवी हेतु इस न्यायालय में आगामी तारीख पेशी 02.06.26 को उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं रहने पर आपके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाकर नियमानुसार वाद-पत्र का निस्तारण किया जायेगा। अत: इस नोटिस से सूचित रहे। यह नोटिस इस न्यायालय से दिनांक 27.05.26 को जारी किया गया है।

मोहर अदालत — आदेशानुसार वरिष्ठ रीडर, सहायक कलेक्टर, जालोर

**न्यायालय :- जिला न्यायाधीश, जालोर (राज.)**
**बइजलास :- श्री बन्नालाल जाट "आर.जे.एस" (जिला जज संवर्ग)**
**दी.वि. प्रकरण संख्या :- 07/2026**
**तारीख पेशी :- 07.07.2026**

1. देवेन्द्रसिंह पुत्र छोटुसिंह जी उम्र 35 वर्ष जाति रावणा राजपूत निवासी सियाणा तहसील जालोर जिला जालोर मो. नं. 9001611933
2. भानुप्रतापसिंह पुत्र छोटुसिंह जी उम्र 29 वर्ष जाति रावणा राजपूत निवासी सियाणा तहसील जालोर जिला जालोर मो. नं. 7742831069
3. रेणु पुत्री छोटुसिंह जी पत्नि भगवानसिंह जी उम्र 39 वर्ष जाति रावणा राजपूत निवासी थांवला तहसील आहोर जिला जालोर
4. वेणु पुत्री छोटुसिंह जी पत्नि खुशालसिंह उम्र 37 वर्ष जाति रावणा राजपूत निवासी जालोर तहसील व जिला जालोर
5. पेपीदेवी पत्नि छोटुसिंहजी उम्र 58 वर्ष जाति रावणा राजपूत निवासी सियाणा तहसील जालोर जिला जालोर

बनाम — प्रार्थीगण

1. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया कचहरी रोड जालोर 2. महेन्द्रसिंह 3. नैनसिंह 4. हर आम व खास।

अप्रार्थीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम**
हर आम व खास को जरिए नोटिस सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की माता स्व. शांतिदेवी पत्नी छोटुसिंह, जाति रावणा राजपूत, निवासी सियाणा जिला जालोर के नाम से भारतीय स्टेट बैंक शाखा, कचहरी रोड जालोर में खाता सं. 44558764000 में जमा राशि व एफडीआर मय ब्याज को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी देवेन्द्रसिंह, भानुप्रतापसिंह, रेणु, वेणु व पेपीदेवी वारिसान होने से प्रार्थीगण उपरोक्त के नाम से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने का प्रार्थना पत्र पेश किया। अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर /ऐतराज हो तो असालतन / वकालतन न्यायालय में आगामी तारीख पेशी 07.07.2026 को पेश करे, अन्यथा नियमानुसार आदेश पारित किया जाएगा। नोटिस आज दिनांक 26.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

मोहर अदालत — आदेशानुसार वरिष्ठ मुंसरिम, जिला न्यायालय, जालोर

**कार्यालय ग्राम पंचायत. नारणावास पंचायत समिति, जालोर**
क्रमांक /ग्राप/मनरेगा/2026-27/56 — दिनांक:- 29.05.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-27**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत नारणावास के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना/वीबी जी रामजी योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता (ओं) / विक्रेता (ओं) / फर्मो / संवेदकों/आपूर्तिकताओं से, जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है।

**NIB No ZJR2627A0227, UBN NO. ZJR2627GL0B00256**

सरपंच (प्रशासक), ग्राम पंचायत नारणावास, पंचायत समिति जालोर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नारणावास, पंचायत समिति जालोर

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगरपालिका, खुडाला-फालना स्टे. तह.-बाली, जिला-पाली (राज.)**
क्रमांक/न.पा.खु.फा./कृभू/2026-27/ — **लोक सूचना** — दिनांक: ..................

इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक फार्म हाउस प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन करवा पट्टाविलेख के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात -

| खातेदार का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| श्री दिनेश कुमार पुत्र कपुरारामजी | तह-सुमेरपुर जिला-पाली (राज.) | सिन्दरू | 126 | 1.2200 हेक्टर | फार्म हाउस प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाषन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 27.05.2026 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी), नगरपालिका, खुडाला फालना स्टे

**कार्यालय नगरपालिका, सांचौर (राज.)**
(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)
क्रमांक : न.पा.सां./संवाद/2026-2027/1133 — दिनांक : 26.05.2026

**-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-**

सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि पालिका् परिक्षेत्र मे विलेख, वसीयत, हकत्याग, उत्तराधिकारी, गिफ्टडीड आदि से खरीदसुदा उपविभाजन/संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विस्तृत विवरण नीचे अंकित है। इसमें वर्णित सम्मतियों के उपविभाजन/संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र में किसी व्यक्ति विशेश को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति मय ठोस दस्तावेज सहित इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 7 दिवस में इस कार्यालय मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के समाप्त के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। तथा सम्पत्ति आवेदनकर्ता के नाम उपविभाजन/संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।

| क्र. स. | आवेदनकर्ता का नाम | स्थल जहां सम्पत्ति है | पत्रावली संख्या | पत्रावली का प्रकार | पट्टा संख्या/वर्ष | भूखण्ड संख्या | कुल रकबा (वर्गमीटर) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती विमला पत्नी ओमाराम जाति विश्नोई निवासी सांचौर | खसरा सं. 1918 मुम्मादेवी टाउनशीप सांचौर | 25/2010 | उप-विभाजन | 763/2010 | 182 | 92.93 |
| 2 | श्रीमती विमला पत्नी ओमाराम जाति विश्नोई निवासी सांचौर | खसरा सं. 1918 मुम्मादेवी टाउनशीप सांचौर | 26/2010 | उप-विभाजन | 764/2010 | 183 | 92.93 |
| 3 | श्रीमती विमला पत्नी ओमाराम जाति विश्नोई निवासी सांचौर | खसरा सं. 1918 मुम्मादेवी टाउनशीप सांचौर | 27/2010 | संयुक्तिकरण | 763/2010, 764/2010 | 182,183 | 92.93 |
| 4 | श्री दिलीपसिंह पुत्र विजयसिंह जाति राजपूत निवासी दूठवा तहसील चितलवाना सांचौर | खसरा सं. 3628/2239 चम्पानाई का खेत सांचौर | 28/2026 | उपविभाजन | 4061/2017 | AB | 139.40 |
| 5 | श्री कल्पेश पटेल पुत्र देवाराम जाति कलबी (पटेल) निवासी सांचौर | मरडिया कॉम्पलेक्स के पास थराद रोड सांचौर | 29/2026 | संयुक्तिकरण | 13/2025, 1908/2025 | A B | 598.78 |

राज.संवाद/सी/26/3777 — अधिशाषी अधिकारी